Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding introduction of air conditioned rail ambulance.-Laid

श्री उन्मेश भैय्यासाहेब पाटिल (जलगाँव): कोरोना महामारी में देश के विभिन्न राज्यों में एम्बुलेंस के अभाव के कारण बहुत सारे मरीज़ों की मृत्यु हुई और NCRB के अनुसार प्रतिदिन 24012 लोग समय पर सहायता ना मिलने से अपनी जान गवा देते है। हमारे प्रधानमंत्री जी ने आयुष्मान भारत का लक्ष्य रखा है जिससे गरीब परिवारों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है लेकिन आज भी ग्रामीण, किसान और गरीब परिवारों को आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस की आवशयकता पड़ती है और कई बार जब बीमारी गंभीर हो तो उसको उपचार हेतु अन्य शहरों में भी जाना पड़ता है। रेलवे ने 2017 में air conditioned rail ambulance का प्रावधान किया था जिसमे एक समय पर 50 मरीज़ यात्रा कर सकते है। मेरा सरकार से निवेदन है कि जिस प्रकार किसानों के हित के लिए किसान रेल का संचालन हो रहा है उस प्रकार रेल एम्बुलेंस का प्रावधान हर रेलवे जोन में किया जाए जिससे मरीज़ों को आपातकालीन स्थिति में गैर सरकारी एम्बुलेंस पर निर्भर ना होना पड़े जिसके कारण उनको आर्थिक नुकसान होता है और बहुत सारे परिवार इसके परिणामस्वरूप क़र्ज़ में डूब जाते है। रेलवे एम्बुलेंस के संचालन से ग्रामीण और गरीब परिवार के मरीज़ रेल के माध्यम से उपचार सुविधा का लाभ उठा सकेंगे।